आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांग्रेस सरकार वर्ष 2027 तक हिमाचल को आत्मनिर्भर और वर्ष 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने का प्रयास कर रही है। मुम्बई में आज एक जनसभा में उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नीतिगत बदलाव किया जा रहा है ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा ने ही विकसित भारत की सोच की आधारशिला रखी है। उन्होंने कहा कि ये पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की ही सोच है जिन्होंने देश हित में नीतियां बनाईं जिनके कारण आज भारत विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार गुणात्मक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण पर बल दे रही है। शिमला ज़िले में चौपाल क्षेत्र के चनैर में आज नवनिर्मित विद्यालय के शुभारम्भ अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अकेले शिक्षा विभाग में 15 हज़ार पद भरने की स्वीकृति दी गई है। इन पदों के भरने से दुर्गम क्षेत्रों में भी अध्यापकों की कमी दूर होगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा के सुधारीकरण की दिशा में कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत जहां पहली कक्षा से ही अंग्रेज़ी विषय अनिवार्य किया गया है, वहीं शैक्षणिक सत्र के दौरान शिक्षकों के तबादलों पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा एक्पोज़र विज़िट पर शिक्षकों व छात्रों को विदेश भेजने का प्रावधान भी किया गया है।

विधिक सेवा दिवस

देश भर में आज राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जा रहा है। लोगों में कानूनी जागरूकता लाने और सभी नागरिकों विशेषकर हाशिये पर रह रहे समुदायों के लोगों के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए यह दिन मनाया जाता है। एक समान समाज के निर्माण के लिए कई परियोजनाओं और गतिविधियों के माध्यम से विवादों के समाधान के लिए तंत्र को बढ़ावा देने तथा लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में शिक्षित करने के लिए यह दिन मनाया जाता है। वंचित और हाशिये पर रह रहे लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से आठ नवम्बर 1995 को विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम बनाया गया था। इस ऐतिहासिक कानून के परिणामस्वरूप उसी वर्ष पांच दिसम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना की गई, तब से राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस हर वर्ष मनाया जाता है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा ने विकास के मामले में मुख्यमंत्री पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख व विधायक रणधीर शर्मा ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस सरकार ने जहां वर्तमान कार्यकाल में करीब डेढ़ हज़ार संस्थान बंद कर दिए हैं वहीं केवल देहरा विधानसभा क्षेत्र में ही नए–नए संस्थान खोले जा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि क्या ये संस्थान और कार्यालय केवल देहरा क्षेत्र में ही खोले जाएंगे या फिर अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी खोलने का प्रावधान है।

कमलेश ठाकुर

कांगड़ा ज़िला के देहरा से कांग्रेस विधायक कमलेश ठाकुर ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। देहरा उपमण्डल के मेहवा में आज जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र में वार्ड और बूथ स्तर पर लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

परामर्श बैठक

राज्य एड्स नियंत्रण समिति ने आज शिमला में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ राज्यस्तरीय परामर्श बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में प्रदेश में एच.आई.वी. पीड़ित

लोगों के कल्याण और जागरूकता के लिए समिति द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी गई। समिति के परियोजना निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि प्रदेश में एड्स जागरूकता व इससे संबंधित सक्रिय मामलों का पता लगाने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एड्स के प्रति जागरूकता के लिए ग्राम पंचायतों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है।

हज यात्रा

केन्द्र सरकार ने हज यात्रा को सुगम बनाने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार कर कई कदम उठाए हैं। इन कदमों के माध्यम से महिलाओं की समानता को बढ़ावा दिया गया है, जिससे कि अधिक महिलाएं स्वतंत्र रूप से हज यात्रा पर जा सकती हैं। विशेषकर कम आय वाले लोगों के लिए हज यात्रा को सुगम बनाने के लिए प्रावधान किये गए हैं। विशेषकर महिलाओं के लिए सुगम्यता को बेहतर बनाने के वास्ते हज यात्री सहायता कार्यक्रम शुरू किये गए हैं। इस वर्ष जनवरी में एक द्विपक्षीय हज समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम आमतौर पर शुष्क बना हुआ है। हालांकि प्रदेश में अधिकतम तापमान में 4 से 5 डिग्री की कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार मंडी और बिलासपुर जिलों के कई क्षेत्रों में आज और कल घना कोहरा का यलो अलर्ट जारी हुआ है।

....